RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 143 | नागौर, 23 अप्रेल, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# राजस्थान में मंदिर पर चला बुलडोजर

## भाजपा बोली- ये बदले की राजनीति; कांग्रेस ने कहा- बीजेपी के बोर्ड ने तोड़ा

**अलवर.**

राजस्थान के अलवर में सराय गोल चक्कर में सड़क चौड़ी करने के दौरान अतिक्रमण हटाने पर विवाद शुरू हो गया है। रास्ते में आए 300 साल पुराने मंदिर पर भी बुलडोजर चलाया गया। इस कार्रवाई पर भाजपा ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। भाजपा का कहना है कि विकास के नाम पर मंदिर को तोड़ना सही नहीं है। कांग्रेस बदले की राजनीति कर रही है। वहीं, कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा है कि राजगढ़ नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड है और उसी ने यह कार्रवाई की है।

राजगढ कस्बे में शिवालय पर जेसीबी चलाने का वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस कारण मामले ने तूल पकड़ा है। अभी अधिकारी भी मामले में ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं।

### मास्टर प्लान का हवाला

प्रशासन का कहना है कि मास्टर प्लान के अनुसार राजगढ़ में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। सालों से यहां बहुत ज्यादा अतिक्रमण हो गया था। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यहां करीब 60 फीट का रास्ता है। यह 25 फीट भी नहीं बचा था। इस कारण जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया है। कांग्रेस विधायक जौहरी लाल मीणा ने कहा कि राजगढ़ कस्बे में अतिक्रमण हटा है। यहां की नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड है। इस कारण वे ज्यादा कुछ नहीं कह सकते हैं। दूसरी तरफ, नगर पालिका बोर्ड अध्यक्ष का कहना है कि यह कार्रवाई प्रशासन के स्तर पर की है। प्रशासन का कहना है कि नगर पालिका बोर्ड के स्तर पर प्रस्ताव पारित हुआ है। उसके बाद ही अतिक्रमण हटाया गया है। असल में 2012 के मास्टर प्लान में यह 60 फीट की रोड है। इस मास्टर प्लान का हवाला देकर कार्रवाई की है।

### भाजपा सांसद बोले- गलती हुई

राज्यसभा सांसद और भाजपा नेता किरोड़ीलाल मीणा ने इस कार्रवाई पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा के बोर्ड से यह गलती हुई है। इसे नहीं तोड़ा जाना था। वहीं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि 300 साल पुराना मंदिर अतिक्रमण कैसे हो सकता है। भाजपा अपनी एक टीम मौके पर भेज रही है, जो तीन दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि विकास के नाम पर भगवान के मंदिर पर प्रहार करना बेहद दुखद है। उन्होंने इसे लेकर राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आप बदले की भावना के साथ वोट बैंक की पॉलिटिक्स को आगे बढ़ा रहे हैं।




## डोटासरा बोले- बीजेपी मंडल और बोर्ड अध्यक्ष ने तुड़वाया मंदिर, कांग्रेस फिर लगाएगी मूर्तियां

जयपुर . अलवर के राजगढ़ में अतिक्रमण हटाने के दौरान मंदिर पर बुलडोजर चलाए जाने की घटना पर सियासत गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर में सिविल लाइन आवास पर प्रेसवार्ता बुलाकर कहा कि राजगढ़ में नगरपालिका क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया है। जिस पर बीजेपी नेता गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उस मंदिर के अतिक्रमण हटाने का काम वसुंधरा राजे की पिछली बीजेपी सरकार के समय शुरू हुआ था। बीजेपी राजगढ़ मंडल अध्यक्ष सत्येन्द्र सैनी की ओर से मंदिर हटाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। जबकि नगरपालिका में भी बीजेपी का बोर्ड है। नगर पालिका बोर्ड में ही अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड में 90 फीसदी बीजेपी पार्षद हैं। डोटासरा ने कहा पिछली वसुंधरा राजे सरकार में सेकड़ों मंदिर तोड़े गए थे। बीजेपी का नगरपालिका बोर्ड इसके लिए दोषी है। कांग्रेस कभी धार्मिक आस्था के केंद्र से छेड़छाड़ नहीं करती। डोटासरा ने कहा बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पूनिया अपने राजगढ़ मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा अब कांग्रेस मंदिर में मूर्तियां पुनर्स्थापित करवाएगी।

# अंग्रेजों की डंडा मार पुलिस का समय समाप्त, अब टेक्नोलॉजी और तर्कपूर्ण पुलिसिंग जरूरी : अमित शाह



**भोपाल।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने वन समितियों का सम्मेलन में हितग्राहियों को तेंदूपत्ता के लाभांश का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहली बार देश में कोई राज्य सरकार जंगलों का मालिक जनजाति भाइयों को बनाने का काम कर रही है। पहली बार जंगल से जो भी कमाई होती है। इसका 20 प्रतिशत हिस्सा वन समिति के हाथ में सौंपकर आपको इसका सीधा मालिक बनाने का काम किया है उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 21 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी रहती है। जब तक जनजाती भाइयों-बहनों का कल्याण नहीं होता, प्रदेश का कल्याण नहीं हो सकताड्ढ शाह ने कहा कि आज एक ही बार में 827 वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों को परिवर्तन किया है। ये आपके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन लाने का फैसला है। राज्य में हमारा भी हिस्सा है इस अधिकार के साथ आज यहां से जा रहे हैंड्ढ शाह ने कहा कि इस देश में कोई व्यक्ति बिन घर के न रह जाए, इसी वजह से 2022 के अंत से पहले हर व्यक्ति को प्रधानमंत्री ने घर देने का संकल्प किया है।

हर घर में बिजली पहुंचाने का काम समाप्त हो गया है। हर घर में शौचालय बनाने का काम समाप्त हो गया है। एक अन्य कार्यक्रम में शाह ने कहा कि कश्मीर मुद्दा, वामपंथी उग्रवाद और नशीले पदार्थ और पूर्वोत्तर में सशस्त्र समूह जैसी समस्याएं थीं। वे हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा थे।

## राजस्थान में लगातार दूसरे दिन गर्मी से राहत

### जयपुर, सीकर समेत 10 जिलों में दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**जयपुर.**

राजस्थान में दो दिन बारिश और आंधी के चलते तापमान में हुई गिरावट के बाद आज भी लोगों को गर्मी से राहत मिली। जयपुर, सीकर, सवाई माधोपुर समेत 10 शहरों में आज भी दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं, कुछ शहर ऐसे भी जहां रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक अगले 3 दिन यानी 25 अप्रैल तक राज्य में मौसम साफ रहेगा। 26 अप्रैल से राज्य में हीटवेव चलनी शुरू हो जाएगी। प्रदेश में आज मौसम सामान्य दिनों की तुलना में कम गर्म रहा। जयपुर, अजमेर में आज दिन में हल्के और छितराये बादल छाए रहे।

## राजस्थान से प्रियंका गांधी को राज्यसभा भेजने की तैयारी

### रॉबर्ट वाड्रा के नाम पर भी विचार कर रहा आलाकमान


**जयपुर।**

प्रियंका गांधी यही नाम है जो राजस्थान में होने वाले राज्यसभा चुनावों में सबसे ज्यादा चौंका सकता है। राज्यसभा चुनावों की आहट तेज हो गई है। 4 सीटों पर चुनाव होंगे, जिन पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। भाजपा के ओम प्रकाश माथुर, केजे अल्फोंस, रामकुमार वर्मा और हर्षवर्धन सिंह का कार्यकाल 4 जुलाई को पूरा हो जाएगा। 4 में से 3 सीटों का गणित तो लगभग क्लीयर है। 2 सीटें कांग्रेस और 1 भाजपा के खाते में आती दिख रही हैं। रोमांचक मुकाबला चौथी सीट के लिए होगा। इस बार कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही पार्टियों के उम्मीदवारों के नाम चौंकाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, पार्टी प्रियंका गांधी वाड्रा को राजस्थान से उम्मीदवार घोषित कर सकती है। वहीं आलाकमान रॉबर्ट वाड्रा के नाम पर भी विचार कर रहा है। रॉबर्ट वाड्रा ने हाल ही में राजनीति में उतरने की इच्छा जताई थी। एक चर्चा यह भी है कि रॉबर्ट वाड्रा को छत्तीसगढ़ से भी मौका दिया जा सकता है।

### ब्रिटिश पीएम के भारत दौरे का दूसरा दिन :

# मोदी ने ब्रिटिश पीएम की यात्रा को बताया एतिहासिक

## नरेंद्र मेरे खास दोस्त : बोरिस



**नई दिल्ली.**

पीएम मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के बीच दिल्ली के हैदराबाद हाउस में बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच रिफॉर्म, हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉर्डनाइजेशन प्लान और पाइपलाइन पर चर्चा हुई। बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का आना ऐतिहासिक पल है। आपने अपनी भारत यात्रा का शुभारंभ साबरमती में गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया है। इस दशक में भारत और ब्रिटेन ने संबंधों को दिशा देने के लिए रोडमैप 2030 लॉन्च किया था। आज की बातचीत में रोडमैप की प्रगति को रिव्यू किया और लक्ष्य तय किए हैं।

### ब्रिटिश पीएम ने मोदी को बताया खास दोस्त

वहीं, पीएम बोरिस जॉनसन भारत में अपने स्वागत को लेकर काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि गुजरात में मेरा अद्भुत स्वागत हुआ। मुझे सचिन तेंदुलकर जैसा लगा। मेरा चेहरा अमिताभ बच्चन की तरह खिला हुआ था। जॉनसन ने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और कहा-नरेंद्र, मेरे खास दोस्त !...

उन्होंने कहा कि अभी की चुनौतीपूर्ण समय में मेरा मानना है कि हम खास दोस्त और करीब हो जाते हैं। जॉनसन ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच शानदार बातचीत हुई। हमने अपने रिश्ते को हर तरह से मजबूत किया है। भारत और ब्रिटेन के बीच साझेदारी हमारे समय की परिभाषित दोस्ती में से एक है। मोदी बोले ने आगे कहा कि पिछले कुछ महीनों में भारत ने यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का समापन किया है। हम उसी गति और मंशा के साथ ब्रिटेन के साथ भी आगे बढ़ेंगे। हम सभी क्षेत्रों में ब्रिटेन के जरिए आत्मनिर्भर भारत के समर्थन का हम स्वागत करते हैं।

### विदेश मंत्री से भी मिले जॉनसन

इससे पहले जॉनसन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच एक्सपेंडिंग पार्टनरशिप और इंडो-यूके रोडमैप 2030 को लागू करने पर चर्चा की हुई। ब्रिटिश पीएम ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि दी। गुरुवार को ब्रिटिश पीएम ने गुजरात में अहमदाबाद से अपने भारत दौरे की शुरुआत की। सबसे पहले उन्होंने साबरमती आश्रम जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और फिर इसके बाद वडोदरा के हलोल में छ्ष्टक्च कंपनी की नई यूनिट का उद्घाटन किया। इसके साथ ही भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी से मुलाकात की।

### ब्रिटेन में हैं 15 लाख भारतवंशी

ब्रिटेन में भारतीय मूल के 15 लाख लोग हैं, जो वहां की जीडीपी में 6% का योगदान देते हैं। ब्रिटेन में करीब 1 लाख भारतीय छात्र पढ़ते हैं। ब्रिटेन और भारत के बीच बीते दो दशक में व्यापार 3 गुना बढ़ा है। बीते साल भारत ने 51,054 करोड़ का आयात किया, जबकि निर्यात 79,000 करोड़ रुपए रहा। सेवा क्षेत्र को मिलाकर कारोबार 3.81 लाख करोड़ रुपए है।

# मुख्यमंत्री गहलोत दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में हुए शामिल

## रोजेदारों के साथ मिलकर मांगी प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली, निरोगी राजस्थान की दुआ




**जयपुर।**

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत शुक्रवार को राजस्थान स्टेट हज कमेटी द्वारा हज हाउस, करबला में आयोजित दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुए। रोजेदारों के बीच पहुंचकर श्री गहलोत ने प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली, निरोगी राजस्थान की दुआ मांगी। इस दौरान जमा मस्जिद के इमाम मुश्ती सैय्यद अमजद अली ने रमजान इफ्तार की दुआ पढ़ाई।

इस मौके पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास, जलदाय मंत्री श्री महेश जोशी, पूर्व शिक्षा मंत्री श्री गोविंद सिंह डोटासरा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री रफीक खान, राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अध्यक्ष श्री अमीन कागजी भी उपस्थित थे।

# बारामूला में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

## लश्कर के टॉप सरगना युसूफ समेत चार आतंकी ढेर

**श्रीनगर**



जम्मू कश्मीर में आतंकी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इन सबके बीच गुरुवार को जम्मू कश्मीर के बारामूला इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई थी। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जानकारी के मुताबिक अब तक इस मुठभेड़ में 4 आतंकवादी मारे गए हैं। इन चार आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर युसूफ कांतरू भी शामिल है। कांतरू का एनकाउंटर में मारा जाना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता है। वह घाटी में सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाला आतंकवादी था जिसे पुलिस काफी दिनों से तलाश रही थी। मुठभेड़ फिर से शुरू होने के बाद शुक्रवार सुबह एक आतंकवादी मारा गया।

एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक अभियान में अभी तक मारे गए आतंकवादियों की संख्या चार हो गयी है। यह मुठभेड़ बृहस्पतिवार तड़के शुरू हुई थी। बृहस्पतिवार को शुरुआती मुठभेड़ में चार जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। पुलिस ने बताया कि कांतरू सुरक्षा बल के कई कर्मियों और असैन्य नागरिकों की हत्या में लिप्त रहा है और वह कश्मीर घाटी के शीर्ष 10 वांछित आतंकवादियों में शामिल था। पुलिस ने बताया कि कांतरू पहले हिज्बुल मुजाहिदीन में सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल हुआ और उसे 2005 में गिरफ्तार किया गया। उसे 2008 में छोड़ा गया लेकिन वह फिर से 2017 में आतंकवादियों से जुड़ गया और निर्दोष असैन्य नागरिकों, पुलिसकर्मियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्या करने लगा। बाद में वह हिज्बुल से लश्कर में शामिल हो गया।

कांतरू मार्च में विशेष पुलिस अधिकारी मोहम्मद इशफाक डार और उसके भाई उमर अहमद डार, सितंबर 2020 में बडगाम जिले के खाग इलाके में बीडीसी अध्यक्ष सरदार भूपिंदर सिंह और दिसंबर 2017 में सीआरपीएफ कर्मी रियाज अहमद राठेर की हत्या में भी शामिल था। वह कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याओं, ग्रेनेड फेंकने की घटनाओं और पुलिस तथा सैन्य कर्मियों के अपहरण तथा हत्या में भी शामिल रहा। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने आतंकवाद रोधी सफल अभियान चलाने और घाटी के सबसे वांछित आतंकवादी के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों को बधाई दी। उन्होंने कांतरू को मार गिराए जाने को बड़ी सफलता बताया। अधिकारी ने बताया कि बाकी के तीन मृतक आतंकवादियों की पहचान की जा रही है।

# जल्द अंजाम तक पहुंचेगी जंग : यूक्रेन पर बढ़ रहा रूस का कब्जा

**कीव/मॉस्को.**

रूस-यूक्रेन जंग को 55 दिन से ज्यादा हो गए हैं। दोनों देशों की सेनाओं को इस युद्ध का खामियाजा भुगतना पड़ा है। हजारों सैनिक मारे गए हैं। यूक्रेन झुकने को तैयार नहीं है। वहीं, जंग के दो महीने बाद भी रूसी सैनिक यूक्रेन पर कब्जा नहीं कर पाए हैं, जिससे उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। हालांकि पश्चिमी देशों के कुछ अधिकारियों का मानना है कि रूस अब भी जंग जीत सकता है। अधिकारियों का कहना है कि रूस का यूक्रेन पर कब्जा लगातार बढ़ रहा है। साथ ही रूसी सैनिकों की तादाद एक के मुकाबले तीन की है। शुरूआती हमले के बाद भले ही रूसी सैनिकों को कीव से पीछे हटना पड़ा हो लेकिन जनरल अलेक्जेंडर ड्वोर्निकोव के कमांड लेते ही रूस की जीत का चांस बढ़ गया है।

### सीरिया के कसाई को सौंपी जंग की कमान

जंग का कोई परिणाम नहीं निकले से बौखलाए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने जंग की कमान जनरल अलेक्जेंडर ड्वोर्निकोव को सौंप दी। ड्वोर्निकोव ने चेचन्या में लड़े गए युद्ध और सीरिया की जंग में अहम भूमिका निभाई थी। वो लोगों पर अत्याचार और क्रूरता के लिए कुख्यात हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि वो बिना मानवाधिकार की परवाह किए जंग को जल्दी अंजाम तक पहुंचा सकते हैं।

एक अधिकारी ने कहा- यह अभियान का एक नया अध्याय है। अपने पिछले फेलियर के बावजूद, पुतिन अभी भी जीतने की स्थिति में हैं। रूस के पास पर्याप्त बल है। अगर वे बुद्धिमानी से इसका इस्तेमाल करते हैं तो यूक्रेन की सेना के बड़े हिस्से को तबाह कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

# सत्ता की डोर

अभी कुछ दिनों पहले जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब सरकार के कुछ अधिकारियों की बैठक ली, तो विपक्ष ने खुल कर उन पर निशाना साधा। लगा कि वे उससे कुछ सबक लेंगे और वहां की चुनी हुई सरकार और मुख्यमंत्री को अपने ढंग से काम करने देंगे। मगर इस बार उनके इशारे पर पंजाब पुलिस दिल्ली आकर चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने के आरोप में दो लोगों को उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों का समन पकड़ा गई। उन दोनों को जांच और पूछताछ में सहयोग के लिए पंजाब के रूपनगर थाने में हाजिर होना पड़ेगा। स्वाभाविक ही इसे लेकर एक बार फिर विपक्षी दलों ने अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि पंजाब में मुख्यमंत्री बेशक भगवंत मान हैं, मगर वहां की सरकार अरविंद केजरीवाल ही चला रहे हैं। विपक्षी दलों को ऐसा कहने का आधार इसलिए मिला कि जिन भाषणों को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है, उनमें सीधे केजरीवाल को निशाने पर रखा गया था।

यह अच्छी बात है कि कोई पार्टी या उसका नेता सत्ता में आने के बाद अपने खिलाफ लगे आरोपों की जांच करा कर संदेह दूर करने का प्रयास करे। मगर पंजाब पुलिस ऐसे नेक इरादे से दिल्ली आई थी, यह कहना मुश्किल है। अरविंद केजरीवाल के कार्य-व्यवहार को लेकर शुरू से अंगुलियां उठती रही हैं। पार्टी के संविधान में एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत है, मगर दिल्ली की सत्ता में आने और मुख्यमंत्री का पद संभालने के बावजूद उन्होंने पार्टी मुखिया का पद नहीं छोड़ा। इसे लेकर विवाद उठा तो अंततः पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उसके बाद से केजरीवाल निष्कंटक होकर पार्टी के सारे फैसले खुद करते रहे हैं।

पंजाब में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करते वक्त भी सर्वसम्मति से फैसला करने के बजाय उन्होंने अपनी पसंद को ऊपर रखा। तभी कहा जाने लगा था कि वे मान को रबड़ की मुहर की तरह इस्तेमाल करेंगे और सरकार के सारे फैसले वे खुद करेंगे। वह अब दिखने भी लगा है। दिल्ली में चूंकि पुलिस महकमा उनके पास नहीं है, इसलिए उसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे, तो पंजाब पुलिस को अपने विरोधियों को सबक सिखाने में लगा दिया है। दिल्ली में जिन दो लोगों पर आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, उनके बयान चुनावी माहौल बनाने-बिगाड़ने के मकसद से दिए गए थे। उन्हें वहां के लोगों ने नजरअंदाज कर आम आदमी पार्टी को सत्ता तक पहुंचा दिया। इसलिए केजरीवाल से अपेक्षा की जाती थी कि वे उन बयानों को भुला देते।

मगर आजकल जिस तरह बदले की राजनीति होने लगी है और अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिए उन पर कानूनी शिकंजा कसने का मौका तलाशा जाता रहता है, उसमें केजरीवाल भी अछूते नहीं हैं। पंजाब विधानसभा में आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत है। काम करने का अच्छा मौका है। चुनावों के दौरान किए वादे पूरे करने के अलावा राज्य में नशे के कारोबार आदि से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं हैं, जिनसे निपटने के लिए चुस्त और साहसी प्रशासन की जरूरत है। अगर पंजाब सरकार पुलिस का इस्तेमाल उन समस्याओं से निपटने में करे, तो शायद दूसरी राज्य सरकारों के लिए नजीर बन सकती है। पुलिस का उपयोग निजी स्वार्थ के लिए करते ही सरकार का नैतिक बल कमजोर हो जाता है। केजरीवाल शायद इसे नहीं समझते, मगर भगवंत मान को समझना चाहिए।

# शांत भारत ही तरक्की कर पायेगा, तनाव का माहौल देशहित में नहीं है

**पिछली सरकारें समाधान के लिए कदम उठाने में भले ही राजनीति नफा-नुकसान के गणित को देखते हुए भय महसूस करती रही हों, उन्हें सत्ता से विमुख हो जाने का डर सताता रहा हो। लेकिन योगी और मोदी इन भयों से ऊपर उठकर कठोर एवं साहसिक निर्णय ले रहे हैं, यही कारण है कि साम्प्रदायिक नफरत, हिंसा एवं द्वेष फैलाने वाले समय रहते पृष्ठभूमि में जाते देखे गये हैं। क्योंकि यदि इस तरह के दायित्व से विमुख हुए तो देश के नागरिक युद्ध की ओर बढ़ सकते हैं। लोकतंत्र में साम्प्रदायिकता, जातीयता, हिंसा एवं अराजकता जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज का नेतृत्व वर्ग भलीभांति भिज्ञ है, यही इस राष्ट्र की एकता और अखण्डता को जीवंतता दे सकेगा। बहुधर्मी भारतीय समाज में पूजा-इबादत की विविधता इसके सांस्कृतिक सौंदर्य का अटूट हिस्सा है और दुनिया इसकी मिसालें भी देती रही है और यही इस राष्ट्र की ताकत भी रहा है। यह विशेषता एकाएक हासिल नहीं हुई, समाज ने सहस्राब्दियों में इसको अर्जित किया है। लेकिन आजाद भारत में कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा साम्प्रदायिक नफरत एवं द्वेष की तल्ख घटनाओं को कुरेदने की राजनीति से भाईचारे की संस्कृति को चोट पहुंचाई जा रही है।**

**समस्याएं** अनेक हैं। बात कहां से शुरू की जाए। खो भी बहुत चुके हैं और खोने की रफ्तार तीव्र से तीव्रत्तर होती जा रही है। जिनकी भरपाई मुश्किल है। भाईचारा, सद्भाव, निष्ठा, विश्वास, करुणा यानि कि जीवन मूल्य खो रहे हैं। मूल्य अक्षर नहीं होते, संस्कार होते हैं, आचरण होते हैं। हम अपने आदर्शों एवं मूल्यों को खोते ही जा रहे हैं, एक बार फिर रामनवमी और हनुमान जयंती के अवसरों पर देश के कई प्रदेशों में हिंसा, नफरत, द्वेष और तोड़-फोड़ के दृश्य देखे गए। उत्तर भारत के प्रांतों के अलावा ऐसी घटनाएं दक्षिण और पूर्व के प्रांतों में भी हुईं। ऐसे सांप्रदायिक दंगे और खून का बहना कांग्रेस के शासन में होता रहा, लेकिन पिछले एक दशक में ऐसी हिंसात्मक साम्प्रदायिक घटनाएं पहली बार कई प्रदेशों में एक साथ हुई हैं, ऐसा होना काफी चिंता का विषय है।

उन्माद, अविश्वास, राजनैतिक अनैतिकता और दमन एवं संदेह का वातावरण एकाएक उत्पन्न हुआ है। उसे शीघ्र दूर करना होगा। ऐसी अनिश्चय और भय की स्थिति किसी भी राष्ट्र के लिए संकट की परिचायक है और इन संकटों को समाप्त करने की दृष्टि से देश के कई राज्यों में घटी सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ताजा फैसलों का महत्व समझा जा सकता है। योगी सख्त प्रशासक के रूप में जाने जाते हैं और उनके ताजा निर्देश इस बात की ओर इंगित करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि नए धार्मिक जुलूसों की इजाजत न दी जाए और न ही नए धर्मस्थलों पर लाउडस्पीकर लगाने की। पारंपरिक जुलूसों और शोभायात्राओं के संदर्भ में भी उन्होंने तय मानदंडों का हर हाल में पालन कराने का निर्देश दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं कि आस्था नितांत निजी विषय है और देश का कानून अपने सभी नागरिकों को उपासना की आजादी देता है। लेकिन आस्था जब प्रतिस्पर्धा में तब्दील होने लगे, तब वह कानून के दायरे में भी आ जाती है।

धरती पुत्र, जनक रक्षक, पिछड़ों के मसीहा और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर का मुखौटा लगाने वाले आज जन विश्वास का हनन करने लगे हैं। जनादेश की परिभाषा अपनी सुविधानुसार करने लगे हैं। कोई किसी का भाग्य विधाता नहीं होता, कोई किसी का निर्माता नहीं होता, भारतीय संस्कृति के इस मूलमंत्र को समझने की शक्ति भले ही वर्तमान के इन तथाकथित राजनीतिज्ञों में न हो, पर इस नासमझी से सत्य का अंत तो नहीं हो सकता। अंत तो उसका होता है जो सत्य का विरोधी है, अंत तो उसका होता है जो जनभावना के साथ विश्वासघात करता है। जनमत एवं जन विश्वास तो दिव्य शक्ति है। उसका उपयोग आदर्शों, सिद्धांतों और मर्यादाओं की रक्षा के लिए हो, तभी अपेक्षित लक्ष्यों की प्राप्ति होगी। तभी होगा राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान। तभी होगी अपनत्व और विश्वास की पुनः प्रतिष्ठा। तभी साम्प्रदायिकता के अंधेरे को दूर किया जा सकेगा। वरना ईमानदारी की लक्ष्मण रेखा जिसने भी लांघी, वक्त के



रावण ने उसे उठा लिया। कैसी विडम्बना है कि इस तरह के सांप्रदायिक दंगे और हिंसात्मक घटना-क्रम का आरोप भाजपा लगाया जाता है, जबकि कांग्रेसियों, कम्युनिस्टों और समाजवादियों ने अपने गिरते राजनीतिक वर्चस्व के कारण इन सब घटनाओं को अंजाम दिया है। भला कोई भी सत्ताधारी पार्टी ऐसे दंगों एवं साम्प्रदायिक हिंसा को अंजाम देकर अपनी शासन-व्यवस्था पर क्यों दाग लगायेगी? इस देश की बढ़ती साख एवं राष्ट्रीयता को गिराने की मंशा रखने वाले राजनीतिक दलों एवं समुदायों का यह स्थायी चरित्र बन गया है कि वे अपने राष्ट्र से भी कहीं ज्यादा महत्व अपने स्वार्थ, अपनी जात और अपने मज़हब को देते हैं।

1947 के बाद जिस नए शक्तिशाली और एकात्म राष्ट्र का हमें निर्माण करना था, उस सपने का इन संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक दलों की राजनीति ने चूरा-चूरा कर दिया। थोक वोट के लालच में सभी राजनीतिक दल जातिवाद और सांप्रदायिकता का सहारा लेने में ज़रा भी संकोच नहीं करते। जो कोई अपनी जात और मजहब को बनाए रखना चाहते हैं, उन्हें उसकी पूरी आजादी होनी चाहिए लेकिन उनके नाम पर घृणा फैलाना, ऊँच-नीच को बढ़ाना, दंगे और तोड़-फोड़ करना कहां तक उचित है? यही प्रवृत्ति देश में पनपती रही तो भौगोलिक दृष्टि से तो भारत एक ही रहेगा लेकिन मानसिक दृष्टि से उसके टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। यह खंड-खंड में बंटा भारत क्या कभी महाशक्ति बन सकेगा? क्या वह अपनी गरीबी दूर कर सकेगा? क्या वह विकास योजनाओं को आकार दे सकेगा? बेहतर तो यही होता कि सभी धर्मों के शीर्ष लोग मिलते और ऐसी मिसालें पेश करते कि साम्प्रदायिक दंगों की नयी पनपती विकृति विराम लेती। वे अपने-अपने समुदाय का मार्गदर्शन करते, मगर जब राष्ट्र से ज्यादा वजनी सम्प्रदाय हो जाये, सांप्रदायिक दुराव शांति-व्यवस्था के लिए खतरा जाये, तो राज्य-सत्ता का हस्तक्षेप जरूरी हो जाता है। ऐसा करना सरकर एवं प्रशासन का दायित्व भी है और जरूरत भी। देश को समग्र तरक्की के लिए शांत भारत चाहिए। दंगे और तनाव उसकी खुशहाली व प्रतिष्ठा को ग्रहण ही लगाएंगे।

## आज का राशिफल

### मेष
रोजगार मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। पराक्रम के प्रति निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा। शत्रु परास्त होंगे।

### वृषभ
नई योजना बनेगी। कार्य का विस्तार होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। काम के प्रति दृढ़ता से कार्य में अनुकूल सफलता मिल सकेगी। पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी संयम आवश्यक है।

### मिथुन
दुःखद समाचार मिल सकता है। विरोध होगा। व्यर्थ भागदौड़ होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। विवाद न करें। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा।

### कर्क
अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। विवाद न करें। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। व्ययों में कमी करना चाहिए। व्यापार अच्छा चलेगा।

### सिंह
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार की चिंता रह सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर कार्य करना चाहिए।

### कन्या
वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ होगा। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा।

### तुला
व्यवसाय ठीक चलेगा। परोपकार करके मानसिक सुख अर्जित करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। पारिवारिक, मांगलिक कार्य की योजना बनेगी। कर्ज लेने से बचना चाहिए। परिवार की चिंता रहेगी।

### वृश्चिक
आय में कमी रहेगी। धैर्य रखें। स्वास्थ्य की समस्या हल होगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें। आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

### धनु
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा संभव है। विवाद न करें। रोजगार मिलेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी।

### मकर
सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी। कुसंगति से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें।

### कुंभ
सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी।

### मीन
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में तबादला तथा पदोन्नति के योग हैं।

## व्यापार समाचार

# प्लास्टिक उपयोग मामले में पूरी तरह से तटस्थ बनेगी जोमैटो




नई दिल्ली।

ऑनलाइन खाना आर्डर और डिलिवरी की सुविधा देने वाली कंपनी जोमैटो ने अप्रैल 2022 से प्लास्टिक उपयोग मामले में शत प्रतिशत तटस्थ होने की घोषणा की है। इसके तहत कंपनी जितना प्लास्टिक उपयोग करेगी, उससे कहीं ज्यादा का पुनर्चक्रण करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि इसके अलावा उसने अगले तीन साल में 10 करोड़ से अधिक डिलिवरी पर्यावरण अनुकूल डिब्बे में करने का लक्ष्य रखा है। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने एक ब्लॉगस्पॉट में कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्रकृति में स्वयं घुल-मिल जाने वाले और अन्य गैर-प्लास्टिक विकल्पों को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन्हें बढ़ावा देकर ऐसे उत्पादों को अधिक किफायती तथा उपलब्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने लिखा, "अब से, जोमैटो के जरिए आप जो भी खाना ऑर्डर करेंगे, वह 100 फीसदी प्लास्टिक तटस्थ होगा। इसका मतलब है कि हम स्वेच्छा से आपके ऑर्डर की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक से ज्यादा प्लास्टिक का पुनर्चक्रण करेंगे।" गोयल ने कहा कि इसके लिए कंपनी ने अत्याधुनिक आईएसओ-प्रमाणित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संगठनों के साथ काम करना शुरू कर दिया है।

# ड्रोन सेवा क्षेत्र चार-पांच साल में एक लाख लोगों को देगा रोजगार : सिंधिया

नई दिल्ली।



नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि ड्रोन सेवा क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और यह क्षेत्र अगले चार-पांच साल के दौरान लगभग एक लाख लोगों को रोजगार देगा। सिंधियां ने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के एक कार्यक्रम में कहा, "हमने ड्रोन क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी एक योजना शुरू की है, जिसमे 60 करोड़ रुपये के कारोबार वाले ड्रोन विनिर्माण उद्योग को अगले तीन वर्षों में 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा।" सिंधियां ने कहा, ड्रोन क्षेत्र में तेजी से विस्तार हो रहा है और इसके विनिर्माण में लगभग 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की हम उम्मीद कर रहे हैं। ड्रोन सेवा क्षेत्र में हम अगले चार से पांच साल में 1,00,000 नौकरियों सृजित होने की उम्मीद कर रहे हैं। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। गौरतलब है कि सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) योजना को पिछले वर्ष पेश किया था।

# रूस-यूक्रेन जंग का असर : सरकार एलआईसी आईपीओ का साइज घटाकर 30,000 करोड़ कर सकती है

नई दिल्ली।

मार्च में रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते एलआईसी आईपीओ की लॉन्चिंग को टाल दिया गया था, लेकिन अब इसके चलते एलआईसी आईपीओ का आकार भी छोटा हो सकता है। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, एलआईसी आईपीओ के आकार को 40 फीसद कम किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, इसके बाद भी यह आईपीओ भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। उनका कहना है कि अधिकारी इस लिस्टिंग को अगले दो हफ्तों में पूरा करना चाहते हैं। सरकार पहले एलआईसी में सात फीसद तक हिस्सेदारी बेचना चाहती थी, लेकिन अब निवशकों की तरफ में मांग में कमी हो देखते हुए 5 फीसद तक हिस्सेदारी की बिक्री की जा सकती है।




**निवेशकों में नहीं रहा आकर्षण** : रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से दुनियाभर में कारोबारी माहौल सुस्त है। भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशक भी लगातार बिकवाली कर रहे हैं और उनका आकर्षण भारतीय शेयरों से घटता जा रहा है। यही कारण है कि सरकार एलआईसी आईपीओ का आकार घटाना चाहती है। माना जा रहा है कि अब सरकार इस आईपीओ से 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही है। इससे पहले एलआईसी आईपीओ का आकार 63,000 करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया था।

**इस हफ्ते आ सकती है तारीख** : बता दें कि सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम के आईपीओ की तारीख को लेकर इस हफ्ते फैसला ले सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। एलआईसी में पांच फीसदी हिस्सेदारी की बिक्री पहले मार्च में होने वाली थी, लेकिन भूराजनीतिक तनाव के मद्देनजर इसे स्थगित कर दिया गया था। सरकार के पास भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के पास नए दस्तावेज दाखिल किए बिना एलआईसी का आईपीओ लाने के लिए 12 मई तक का समय है। अगर सरकार 12 मई तक आईपीओ नहीं ला पाती है, तो उसे दिसंबर तिमाही के नतीजे बताते हुए सेबी के पास नए कागजात दाखिल करने होंगे।

एलआईसी आईपीओ भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ बन जाएगा। बाजार में लिस्ट होने के बाद कंपनी का बाजार पूंजीकरण रिलायंस और टीसीएस जैसी दिग्गज कंपनियों के करीब होगा। अब तक के सबसे बड़े आईपीओ में पेटीएम (18,300 करोड़), कोल इंडिया (15,500 करोड़) और रिलायंस पावर (11,700 करोड़) शामिल है।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल को रीचार्ज करने का झंझट होगा खत्म, अब बैटरी की अदला-बदली से ही हो जाएगा सारा काम

नई दिल्ली।

ई-वीइकल की बैटरी खत्म होने पर उसे री-चार्ज करने में वक्त की बर्बादी ना हो, साथ ही रिचार्ज प्रक्रिया आसान हो, इसके लिए नीति आयोग ने बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी यानी इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी की अदला-बदली का एक ड्राफ्ट पेश किया। इसका मुख्य उद्देश्य ई-वीइकल की डिस्चार्ज बैटरी को बदलकर पूरी तरह चार्ज बैटरी लगाने की व्यवस्था को आसान बनाना है। नीति आयोग ने बैटरी स्वैपिंग नीति के तहत इंसेंटिव, कड़े टेस्टिंग प्रोटोकॉल समेत जीएसटी दरों पर पुनर्विचार का सुझाव दिया है।




**इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की कई घटनाएं** : नीति आयोग की ओर से तैयार इस ड्राफ्ट पॉलिसी के मुताबिक, यह मसौदा नीति ऐसे समय लाई गई है, जब इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने के कई मामले सामने आने के बाद इन गाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। इसके तहत पहले चरण में बैटरी अदला-बदली नेटवर्क के विकास को लेकर 40 लाख से अधिक आबादी वाले सभी महानगरों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैटरी स्वैपिंग स्टेशन खोलने के तहत पहले चरण में 70 लाख से अधिक जनसंख्या वाले सभी मेट्रो शहरों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में अन्य सभी प्रमुख शहरों जैसे कि राज्यों की राजधानियों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यालय और 5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों को शामिल किया जाएगा।

**पांच जून तक लोगों से मांगे सुझाव** : नीति आयोग का मानना है कि जिन गाड़ियों में बैटरियों की अदला-बदली हो सकती है, उनकी बिक्री बिना बैटरी के होगी। इससे इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमतें कम हो सकती हैं। इसके अलावा, कोई भी शख्स या कंपनी किसी भी स्थान पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन खोल सकेगा, लेकिन इसके लिए जरूरी तकनीकी, सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों का पालन करना होगा। मौजूदा समय में लिथियम ऑयन बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति उपकरणों पर जीएसटी क्रमशः 18 प्रतिशत और पांच प्रतिशत है। जीएसटी काउंसिल दोनों कर दरों में अंतर को कम करने पर विचार कर सकती है।

# अदार पूनावाला ने टीके की मंजूरी में देरी पर निराशा जताई

मुंबई।

टीका विनिर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला ने सरकार के स्तर पर मंजूरी में देरी पर निराशा जताते हुए शुक्रवार को कहा कि बच्चों को दिए जाने वाले टीके की अनुमति का उन्हें कई महीनों से इंतजार है। पूनावाला ने टाइम्स नेटवर्क के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समय पर फैसले लेने के लिए जिम्मेदार लोगों एवं समितियों के रुख से लगता है कि उन्हें किसी तरह की जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा, महामारी के खिलाफ जंग में हमें इस मुकाम तक लाने वाली तेजी अब गुम हो चुकी है।

ऐसा लगता है कि उन लोगों के लिए सब कुछ सामान्य हो चुका है। पूनावाला ने सात साल से लेकर 11 साल तक के बच्चों के लिए विकसित टीके के बारे में कहा कि उन्हें सरकार से इसकी मंजूरी मिलने का इंतजार है। उन्होंने कहा कि कोवोवैक्स टीके को नियामकीय मंजूरी कई महीने पहले ही मिल चुकी है और यूरोपीय देशों एवं ऑस्ट्रेलिया में इसकी आपूर्ति भी की जा रही है। उन्होंने कहा, वैसे तो यह सरकार स्वास्थ्य देखभाल को अहमियत देती रही है लेकिन ऐसा लगता है कि अब निर्णय लेने से जुड़ी प्रक्रियागत तेजी चली गई है।




# शुक्रवार की दोपहर खाली हो जाती नगरपालिका, सीट से गायब हो जाते अधिकारी-कर्मचारी

अबू बकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** सरकार द्वारा दूसरे जिलों में सेवा कर रहे सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों की वीकली अपने परिवार तक पहुंचने की सुविधा के मद्देनजर प्रदेश में लागू किये गए फाईव डे वीक का कई विभागों में दुरुपयोग होना शुरू हो गया है, जिसके चलते आमजन के लिए यह परेशानी का सबब बनने लगा है। यहां शुक्रवार दोपहर ही लाडनूँ नगरपालिका का दफ्तर खाली हो जाता है जो सोमवार दोपहर तक जाते वापस सजता है, जिससे आम जनता को खाद्य सुरक्षा, पट्टे सहित अन्य कामो के लिए भटकना पड़ रहा है। बात की जाए तो कमोबेश दफ्तरों का यही हाल है लेकिन नगरपालिका इनसे दो कदम आगे है शुक्रवार को दोपहर तीन बजे बाद अधिकांश कार्यालयों के जिम्मेदार अपने कक्ष के ताला लगाकर सीट से गायब नजर आते है।

**पट्टे व खाद्य सुरक्षा आवेदन के लिए भटकते रहे आवेदक :** शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे खाद्य सुरक्षा आवेदन की जांच करवाने लिए अफसाना बानो बड़ा बास से, आमना बानो निवासी शहरिया बास, भागीरथ बावरी निवासी बावरियो ढाणी, भंवरी नाई निवासी बड़ा बास लाडनूँ के अलावा वार्ड संख्या 45, वार्ड 17, 18 वार्ड 4 एंव 5 के लोग खाद्य सुरक्षा आवेदन लेकर नगरपालिका में आये तो उन्हें अधिकांश कक्ष के ताले जड़े हुए मिले जिसके चलते वे तेज धूप में ईधर उधर घूमकर वापस निकल गए। वंही शांतिलाल रैगर अपने लोन संबंधित काम के लिए नगरपालिका आये, शहरिया बास से अय्यूब खान, तेली रोड़ के अब्दुल कलाम आदि लोग अपने पट्टे से जुड़े मामले की अपडेट लेने के लिए भरी दोपहरी में नगरपालिका तो आये मगर यहां पुरुष हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, सामाजिक सुरक्षा कक्ष, लेखा शाखा, स्टोर संस्थापन, भूमि इजाजत तामीर कक्ष, विकास शाखा आदि पर ताले लटके हुए मिले तो उन्हें निराश ही लौटना पड़ा। तेज गर्मी में दूर दराज से आये लोगों का कहना था कि यहां अधिशाषी अधिकारी कक्ष में अधिकारी नहीं है अब किसको फरियाद कीनजाए उनका चैंबर तो खुला है मगर वँहा ई.ओ न होकर आधा दर्जन पार्षद बैठे हुए मिले।

इसके अलावा बाबूलाल ठोलिया, रविंद्र सिंह, मुकेश आदि मात्र 4 कर्मचारियों को छोड़कर सभी शाखाओं के कर्मचारी समय से पहले नदारद हो गए। लोगों का कहना है कि इस मनमर्जी की शिकायत जिला कलेक्टर नागौर को भेजी जाएगी।

## इनका कहना है

- 'कुछ कर्मचारियों के पारिवारिक परेशानी होने से वे जल्दी चले गए हैं एवं अन्य लोग खाना खाने गए होंगे उनकी जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।' **इस बारे रावत खान, नगरपालिका अध्यक्ष, लाडनू**
- 'इस बारे में जानकारी मिली है। सही स्थिति का पता कर ही बता पाऊंगा' **मघराज डूडी, अधिशाषी अधिकारी**

# राजकीय चिकित्सालय में ब्लॉक स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय चिकित्सालय में ब्लॉक हेल्थ मेले का आयोजन हुआ जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। मेले में मुख्य अतिथि हनुमान राम कासनियां प्रधान पंचायत समिति लाडनूं व विशिष्ट अतिथि रावत खां चेयरमैन नगरपालिका लाडनूं रहे। अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि सुरजाराम भाकर ने की। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मूलचंद चौधरी ने स्वास्थ्य मेले में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुरेश कुमावत फिजीशियन, डॉ ताराचंद अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. जयसिंह शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुनीता महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ. बलवीर सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुरेश वर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के आयुष चिकित्सक डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. तरुण भार्गव, डॉ. राजाराम पांडर ने अपनी सेवाएं दी। मेले में समस्त प्रकार की जांचे, दवाइयां एंव ईलाज की नि:शुल्क व्यवस्था की गई। परिवार कल्याण कार्यक्रम, एएनसी रजिस्ट्रेशन,एनएनसी की जांचो की नि:शुल्क व्यवस्था, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा का रजिस्ट्रेशन, एनसीडी स्क्रीनिंग, जिसमें बीपी, शुगर, कैंसर आदि की स्क्रीनिंग व इलाज किया गया। स्वास्थ्य मेले में 676 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमें टेलीकंसल्टेशन सुविधा द्वारा 44 लाभार्थी, मोतियाबिंद स्क्रीनिंग में 50, दिव्यांग प्रमाण पत्र 2, कॉविड टीकाकरण 150 और 12 व्यक्तियों के आधार नंबर का अपडेशन, 6 व्यक्तियों का मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से लाभान्वित हुए। उपखंड अधिकारी अनिल कुमार द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत समिति पर हो रहे ब्लॉक हेल्थ मेले के बारे में बताया गया तथा आम जन को इन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया।

# थाली में 51 लाख कैश व 25 तोला सोना रखकर मायरा भरने पहुंचे मामा

## 30 साल से जमा कर रहे थे रुपए



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय शादियों के रीति-रिवाज सभी को भी हमेशा से आकर्षित करते रहे हैं। शादी में निभाई जाने वाली ऐसी ही एक रस्म है मायरा, जिसे कई स्थानों पर भात भी बोला जाता है। मायरे को दुल्हा-दुल्हन के मामा की ओर से भरा जाता है। यूं तो मायरा इंडियन वेडिंग कल्चर की एक सामान्य रस्म है, लेकिन राजस्थान के नागौर में मायरा भरने की इस रस्म को काफी खास माना जाता है। यहां ये परंपरा के साथ मान और सम्मान के रस्म की तौर पर भी प्रचलित है। इन दिनों यहां दो बहनों की शादी में उनके भाइयों द्वारा भरा गया मायरा काफी सुर्खियों में है।यह मायरा भरा गया नागौर के लाडनूं में। यहां किसान मामाओं ने मंगलवार को अपनी 2 भांजी की शादी में करीब 71 लाख रुपए का मायरा भरा। जब वे थाली में नोट और जेवरात भरकर लाए तो सभी हैरान हो गए। भाइयों के इस प्यार को देख इकलौती बहन के आंख में आंसू आ गए। इतना ही नहीं भाइयों ने बहन को 500-500 रुपए के नोटों से सजी चुनरी भी ओढ़ाई।लाडनूं की रहने वाली सीता देवी की दो बेटियों प्रियंका और स्वाति की मंगलवार को शादी थी। भाई मगनाराम ने बताया कि 5 भाइयों के बीच सीता देवी इकलौती बहन है। बड़े भाई रामनिवास की तीन साल पहले मौत हो गई थी। इस पर जायल (नागौर) के राजोद निवासी चारों भाई सुखदेव, मगनाराम, जगदीश, जेनाराम और भतीजा सहदेव रेवाड़ मायरा लेकर पहुंचे। रिश्तेदारों व पंच पटेल की मौजूदगी में मायरा भरा गया।

### 51 लाख रुपए कैश दिए

मगनाराम ने बताया कि बड़े भाई की इच्छा के अनुसार 30 साल से रुपए जमा कर रहे थे। शुरू से परिवार की इच्छा थी कि दो भांजी का मायरा गाजे-बाजे के साथ भरा जाए। इस पर चारों मामा थाली में 51 लाख 11 हजार रुपए, 25 तोला सोना और 1 किलो चांदी के जेवरात लेकर पहुंचे। इसके अलावा बहन के ससुराल वालों को भी सोने-चांदी के जेवरात गिफ्ट के तौर पर दिए गए।

### नागौर का मायरा राजस्थान में है प्रसिद्ध

मारवाड़ में नागौर के मायरा को काफी सम्मान की नजर से देखा जाता है। मुगल शासन के दौरान के यहां के खिंयाला और जायल के जाटों द्वारा लिछमा गुजरी को अपनी बहन मान कर भरे गए मायरा को तो महिलाएं लोक गीतों में भी गाती हैं। कहा जाता है कि यहां के धर्माराम जाट और गोपालराम जाट मुगल शासन में बादशाह के लिए टैक्स कलेक्शन कर दिल्ली दरबार में ले जाकर जमा करने का काम करते थे। इस दौरान एक बार जब वो टैक्स कलेक्शन कर दिल्ली जा रहे थे तो उन्हें बीच रास्ते में रोती हुई लिछमा गुजरी मिली।उसने बताया था कि उसके कोई भाई नहीं है और अब उसके बच्चों की शादी में मायरा कौन लाएगा ? इस पर धर्माराम और गोपालराम ने लिछमा गुजरी के भाई बन टैक्स कलेक्शन के सारे रुपए और सामग्री से मायरा भर दिया। बादशाह ने भी पूरी बात जान दोनों को सजा देने के बजाय माफ कर दिया था।

# इग्नू प्रायोगिक परीक्षा की समय सारणी जारी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के समन्वयक महेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कुचामन महाविद्यालय कुचामनसिटी इग्नू अध्ययन केन्द्र 2311 पर बी.एस.सी. एवं सी.पी.एल.टी. कार्यक्रम की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 25 अप्रेल से 5 जून 2022 हेतु समय सारणी इग्नू जोधपुर की साइट पर जारी कर दी गई है।

# अकीदत से पढ़ा रमजानुल मुबारक का तीसरा जुम्मा

## मस्जिदों में उमड़ पड़े नमाजी, साठ रुपये फितरा तय, आज से बैठेंगे एतकाफ में

अबरार अली बेरी



**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** रहमतों और बरकतों के बाद आज से जहनुम की आग से बचाने वाला आखिरी अशरा शुरू हो गया है, इस्लाम मे अल्लाह ने हम बंदों को मग़फिरत के कई मुकाम अता किये है उनमेसे माहे रमजान के यह तीन अशरे भी शामिल है हमें अपने जीवन को बेहतरीन बनाने के लिए अपने ईमान को पक्का रखना होगा। पुरानी ईद गाह में रमजान के तीसरे जुम्मे पर खिताब देते हुए नायब शहर काजी जनाब सादिक उसमानी साहब ने यह बात कही । उसमानी ने कहा कि रमजान बेशुमार रहमतों वाला महीना है हमें इसके एहतराम पर अमल करना चाहिये।

**साठ रुपये फितरा जल्द अदा करदे :** इस अवसर पर शहर काजी जनाब रेहान उसमानी साहब ने ज़कात और फितरा पर अपना खिताब दिया उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रति व्यक्ती साठ रुपये फितरा अदा करे या खाने वाला दो कीलो पचास ग्राम (लगभग) अनाज प्रति व्यक्ती फितरा दे । उन्होंने ज़कात के बारे में कहा कि जिस सख्स के पास साढ़े सात तोला सोना या साढ़े बावन तोला चांदी या उसके बराबर माल है तो उसे चालीसवाँ हिस्सा यानी ढाई प्रतिशत ज़कात देनी होगी।

**आज से बैठेंगे एतकाफ में :** माहे रमजान को तीन अशरो में बांटा गया है हर दिन का एक अशरा होता है आज दूसरा अशरा मुकम्मल हो गया है और तीसरा लग जायेगा ऐसे में एतकाफ़ में बैठने वालों का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा । मस्जिद के एक हिस्से में पूरे पर्दे के साथ एकांत में चांद दिखने तक बैठने का नाम एतकाफ़ है, इस दौरान व्यक्ती दुनिया से पूरी तरह दूर होकर सिर्फ अल्लाह की इबादत करता है उसका रहना, खाना, सोना सब मस्जिद के एक कोने में ही होता है ।

**भीषण गर्मी के बाद भी मस्जिदों में उमड़े रोजेदार :** क्षेत्र का पारा 42 से ऊपर चढ़ गया है जबर्दस्त गर्मी के बाद भी रोजेदार बड़ी तादात में मस्जिदों में पहुंच कर नमाज ए जुम्मा अदा करते नजर आए, नगर की जुम्मा मस्जिद, मदीना मस्जिद, मरकज मस्जिद, कचहरी मस्जिद का आलम यह था कि यहां छतों पर भी नमाज अदा करते लोग दिखे ।

बाद नमाज ए जुम्मा सामूहिक दुआ की गई, जिसमें वतन में अमन और उन्नति की दुआओं के साथ प्रकृति की खुशहाली, मानव कल्याण और भाईचारे के लिए लोगों बारगाहे रबुल आलमीन में दोनों हाथ उठा कर अल्लाह से दुआ की ।

**इन्होंने जगह-जगह अदा करवाई नमाज :** इस अवसर पर जामा मस्जिद में मौलाना अब्दुल रशीद रिजवी, किला मस्जिद में मौलाना वसीमुद्दीन, लाहोटियो की मस्जिद में मौलाना अब्बास अली, कचहरी वाली मस्जिद में हाफिज मोहम्मद अखलाक, पुरानी ईदगाह में मौलाना जमीरुल इस्लाम, लोहारों की मस्जिद में मौलाना मिनहाज उल इस्लाम, न्यारियान मस्जिद में मौलाना इकबाल फैजानी, मस्जिद आले रसूल में मौलाना उस्मान, गौसिया मस्जिद में मौलाना दायम, मुस्तफा मस्जिद में मौलाना उमर साहब, मुस्तफा कॉलोनी में मौलाना नाजिम, हमीद कॉलोनी में मौलाना नूर आलम, बेगाना कॉलोनी में मौलाना फरीद साहब, नागौर फाटक के बाहर मस्जिद में मौलाना कुर्बान साहब, सिलावटों की मस्जिद में मौलाना आलमगीर, मदीना मस्जिद में मुफ्ती अब्दुल सलाम, मरकज मस्जिद में मुफ्ती मूसा आदि ने जुमे की नमाज अदा करवाई।

# उपकरण पाकर खिल उठे दिव्यांगों के चेहरें

## राज्य मंत्री उमा शंकर शर्मा व परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया की उपस्थिति में दिव्यांगों को बांटे उपकरण

जुगल किशोर शर्मा





**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं माहेश्वरी पंचायत समिति परबतसर के सौजन्य से नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का शुक्रवार को आयोजन चित्रकूट मैरिज गार्डन परबतसर में किया गया। इसमें विशेष योग्यजन विभाग जयपुर के आयुक्त व राज्य मंत्री उमा शंकर शर्मा एवं परबतसर विधायक रामनिवास गावडिया की उपस्थिति में दिव्यांगों को ट्राय साईकिल व्हील चेयर जयपुर फुट, कान की सुनने की मशीन तथा अन्य उपकरण वितरित किये गए। आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार दिव्यांगों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाए संचालित कर रही है, जिससे उन्हें समय पर लाभान्वित किया जा रहा है एवं अभी हाल ही में राज्य के समस्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे दिव्यांगजन को बीपीएल के समकक्ष मानने के लिए आदेश जारी किए जिसके लिए आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया गया। शिविर में सुरेश मेहरा जॉइंट डायरेक्टर महावीर विकलांग सहायता समिति शाखा अजमेर, नथमल धुत अध्यक्ष, कन्हैया लाल काबरा सचिव, कमल मूंदडा माहेश्वरी पंचायत परबतसर, रामदेव विकास अधिकारी जगराम मीना तहसीलदर, हरिराम विश्नोई सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, हुकमा राम लेगा, सुरेश व्यास, लालाराम मेघवाल सचिव कल्याणी संस्थान परबतसर एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# डेगाना में ब्लॉक स्तरीय हेल्थ मेले का हुआ आयोजन, 1007 मरीजों को मिला लाभ



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को सुबह 9 बजे से हेल्थ मेले का आयोजन शुरु हुआ जो साँय 5 बजे तक चला। बीसीएमओं डॉ रामकिशोर सारण के नेतृत्व में मुख्य अतिथी उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल ओर प्रधान सुनीता चोयल द्वारा फीता काट कर शिविर की शुरुआत की गई। हेल्थ मेले में डेगाना विधानसभा क्षेत्र की जनता ने बढ चढ़ कर हिस्सा लिया ओर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। डॉ. सारण ने बताया की मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजो को चिकित्सा परामर्श व उपचार के साथ विभिन्न तरह की जाँचे तथा दवाइयां नि:शुल्क दी गई। मेले में स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन हुआ, जिसमें डेगाना विधानसभा क्षेत्र की जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रिकोर्ड यूनिट रक्त का दान हेल्थ मेले मे एकत्रित हुआ। हेल्थ मेले में कोविड-19 टीकाकरण तथा बच्चों का गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, विकलांगता प्रमाण पत्र, आयुष चिकित्सा, दंत, नेत्र, शिशु रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग मय जांच कक्ष सहित कही बिमारियों के उपचार इस मेले मे किये गये।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी डेगाना नगरपालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल व प्रधान सुनीता चोयल सहित ने जनता को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे मे बताकर उनका ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। डॉ. सारण ने चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के बारे में जानकारी देकर सभी पात्र परिवारो से इस योजना से जुड़ने ओर 10 लाख तक उपचार मुफ्त मे करवाने के बारे मे विस्तार से बताया।

# राजकीय महाविद्यालय परिसर में लगाये परिण्डे

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. संजय भारद्वाज ने बेजूबान पक्षियों के लिए परिण्डा लगाओं अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में परिड़े लगाये।

प्राचार्य डॉ. भारद्वाज ने कहा कि गर्मी जैसे मौसम में बेजूबान पक्षियों व पशुओं के लिए सभी लोगो को मानवता के नाते आगे आकर मदद करने की पहल करनी चाहिए। वरिष्ठ सहायक रामनिवास सूमरा ने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा अपने घरों, खेतों व सार्वजनिक स्थानों पर परिण्डे लगाने हेतु लोगों को जागरूकत करें। इस मौके पर महाविद्यालय के कनिष्ठ सहायक देवेन्द्र मेघवाल,मनीश जोषी एवं छात्र-छात्राऐं मौजूद रहें।


# ग्लोबल इंटरनेशनल एकेडमी में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

## हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें : पचार

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के मेगा हाईवे स्टेशन रोड पर ग्लोबल एज्यूकेशन ग्रुप द्वारा सीबीएसई से संचालित ग्लोबल इंटरनेशनल एकेडमी में शुक्रवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया, जिसके तहत विद्यार्थियों को अपनी पृथ्वी के प्रति जागरूक किया गया।

पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें उत्साहित किया गया। बनवारी लाल पचार ने बच्चों को अपने उद्‌बोधन में बताया कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें। सुल्तान सिंह थालोड़ ने बच्चों से पौधारोपण कराया और बताया कि पौधो की हमारे पर्यावरण मे बहुत ही अहम भूमिका है और हमें ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पौधारोपण करना चाहिए, जिससे हम पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सके। सुनील कुमार बिजारणिया ने अपने उद्बोधन मे बताया कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए सचेत रहना होगा। स्कूल के बच्चों ने इस मुहिम के तहत विभिन्न प्रकार की क्रियाविधी की जिसके अन्तर्गत पोस्टर भी बनाए गए। प्रधानाचार्या प्रतिमा पंवार ने पक्षियों के लिए भी बच्चों से पानी रखवाया, जिसने उनके कोमल मन में अपनी जिम्मेदारी का भाव जागृत हो और वो भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बने। वे अपने विषय मे ही ना सोचे वरना अपने पर्यावरण से जुड़े सभी अन्य जीवों का भी संरक्षण करें और जिस पृथ्वी पर रह रहे है उसके प्रति भी दयावान बने।





**परिण्डें भी लगाये :** आज भावी पीढ़ी के मन में सहज दया के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराना भी शिक्षा का एक अहम उदेश्य है। बच्चों ने बड़ी रूची के साथ पर्यावरण का सरंक्षण करने शपथ ली और विद्यालय प्रांगण में लगे हुए सभी पौधो को जल दिया और पक्षियों के लिए जगह-जगह पर पानी की व्यवस्था की। इस जागरूकता के अभियान मे विमल जोशी, नरेन्द्र सिंह नरूका, रज्जाक मो., गोपाल कुमावत, शंकर लाल, मुस्ताक अहमद, घीसा लाल टेलर, रूपाली टेलर, प्रीतम जांगिड़, दीपिका पारीक हीना, विनिता, निकिता, सपना, ललिता, रेखा, मुस्कान, दीपिका, रूपाली, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

## घर-घर में हो रही है कुरान की तिलावत

## नन्हें-नन्हें बच्चे रख रहे है रोजा, मस्जिदों में हुई तीसरे जुमे की नमाज



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** रमजान के मुबारक महीने में मुस्लिम भाई-बहन रोजा रख रहे हैं। घर-घर में पाक कुरान की तिलावत हो रही है। भीषण गर्मी के इस मौसम में भी लोग 14 से 15 घंटे तक रोजा रखकर इबादत में मशरूफ हैं। रोजेदारों का कहना है कि अल्लाहताला अपने नेक बंदों का ही इम्तेहान लेता है। हम उनका शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने हमें रमजान का मुबारक महीना अता फरमाकर रोजा रखने की तौफिक दी। इस्लाम में रोजे की अपनी अलग अहमियत है। जामा मस्जिद के इमाम शहादत खान बरकाती ने बताया कि रमजान का मुबारक महीना बड़ा तारीखी महीना है। अल्लाह पाक ने हमारी हिदायत के लिए कुरान शरीफ इसी मुबारक महीने में नाजिल फरमाया। यह पूरा महीना रहमत और नूर से ऐसा मामूर होता है कि इसका चांद नजर आते ही मोमिन के चेहरे पर ईमानी नूर जगमगाने लगता है।

### बड़े से बड़े गुनहगार भी पेश करते हैं नजराना

मदीना मस्जिद इमाम गुलाम अहमद ने बताया कि रमजान महीने की एक रात को शबेकद्र कहा गया है। जो खैर और बरकत के एतबार से हजार महीनों से भी अफजल है। इस रात की अलग एहमियत है। मौलाना गुलाम अहमद ने बताया कि रमजान इबादत का खास महीना है। इस मुबारक महीने में अल्लाह के बंदे अपने रब का ईनाम पाने के लिए इबादतें करते हैं। 11 महीने मस्जिद से दूर रहने वाले, बड़े से बड़े गुनाहगार भी अल्लाह की रहमत पर यकीन रखते हुए अल्लाह के घर में अपने सजदों के नजराने पेश करते नजर आते हैं। ओर मुल्क मे अमन चैन की दुआ करते हैं।

### तीसरे जुम्मे की हुई मस्जिदों में नमाज

रहमतों बरकतों के महीने में तीसरे जुमे की नमाज आज शुक्रवार को मस्जिदों में अदा की गई तथा देश में खुशहाली की दुआ मांगी गई। डेगाना जामा मस्जिद, कायमखानी नगर मदीना मस्जिद, व्यापारी मोहल्ले की मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की गई। रमजान के महीने में नन्हें-नन्हें बच्चे भी बड़े अदब और एहतराम से रोजा रख रहे हैं।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम हुए आयोजित



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम खाखडकी के जय पैलेस रामबाग में विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम आयोजित हुए। विश्व पृथ्वी दिवस पर भूमि पूजन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पर्यावरण प्रेमी दिनेशसिंह गहलोत ने विश्व पृथ्वी दिवस पर अपने 35 वे जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील होते हुए पौधारोपण,बेजुबान जीव सेवार्थ पिरण्डे व चुगापात्र लगाकर विश्व पृथ्वी दिवस नियमित सेवा करने का संकल्प लिया। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक दुष्यंत कुमार चौहान ने कहा कि हमे पृथ्वी को स्वच्छ, सुन्दर व प्रदूषण मुक्त व पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम... कोविड महामारी ने हमे पर्यावरण प्रति संवेदनशील होने का आभास करवा दिया। पर्यावरण प्रेमी पिचकिया परिवार का पर्यावरण संरक्षण के प्रति अथक प्रयास से प्रेरणा लेकर हमे भी अधिक से अधिक पौधारोपण करके संवेदनशील होकर प्रतिबद्धता का संकल्पबद्ध होना होगा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक दुष्यंत कुमार चौहान, कैशियर दिनेशसिंह गहलोत, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामनारायण बडियार, पर्यावरण प्रेमी रामलाल पिचकिया, देवकरण, व्याख्याता रामकिशोर पिचकिया,जसाराम,मोतीराम,जगदीश प्रजापत इत्यादि पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

## स्वर्गीय जयकुमार जैन जिलिया की स्मृति में वाटर कूलर व कुर्सियां की भेंट

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महावीर इंटरनेशनल युवा केन्द्र द्वारा शुक्रवार को नए स्थापित एडिशनल एसपी कार्यालय में पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी स्वर्गीय जयकुमार जैन जिलिया वालों की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी संतोष देवी काला पुत्र विकास कुमार, विशाल कुमार काला के सौजन्य से कार्यालय कर्मचारियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु दो वाटर कूलर एवं बैठने की दस कुर्सियां भेंट की गई। युवा केन्द्र अध्यक्ष आनन्द सेठी ने बताया कि पूर्व चित्तावा सरपंच सुभाषचंद जैन की प्रेरणा से यह प्रशासनिक सहयोग का कार्य किया गया। इस दौरान एडिशनल एसपी गणेशराम चौधरी एवं दानदाता परिवार से विकास काला का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। सुभाष अजमेरा के साथ जोन सचिव सुभाष पहाड़िया, आशीष झांझरी, प्रियांशु- प्रवीण डोसी, विकास-नीतू पाटनी, मनीष-सविता अजमेरा, मनीष बज, ठेकेदार अर्जुन राम, हेमराज, संदीप पांड्या और कार्यालय स्टॉफ में हेड कॉन्स्टेबल महावीर प्रसाद, हरि सिंह, कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश, सुगनाराम एवं रंगलाल उपस्थित रहे। गणेश राम चौधरी ने संस्था द्वारा दिये गए इस सहयोग के लिए दानदाता परिवार से विकास काला एवं उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



## विमल विद्या विहार व टैगोरियन ने मनाया पृथ्वी दिवस

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के विमल विद्या विहार स्कूल एंव टैगोर निम्बिजोधा में अर्थ-डे मनाकर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आगाज राजेंद्र सिंह कमांडो थाना अधिकारी लाडनूं व विद्यालय की प्राचार्या रचना बालानी ने पौधा रोपण करते हुए किया। इस अवसर पर कमांडो ने बताया कि हम अकेले और सामूहिक रूप से धरती को बचाने में योगदान दे सकते हैं। इसके संरक्षण के लिए हमें कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। प्राचार्या रचना बालानी ने बताया कि दुनिया भर में हर साल 22 अप्रैल को अर्थ डे मनाया जाता है इस दिवस हमे प्रकृति को करीब से समझने का अवसर मिलता है।



**टैगोरियंस ने किया वृक्षारोपण, परिंडे भी लगाये :** 3 राज बटालियन सीकर की टैगोर स्कूल निम्बी जोधा के एनसीसी कैडेट्स व स्कूल के विद्यार्थियों तथा स्टाफ सहित सभी ने मिलकर पृथ्वी दिवस मनाया, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों व एनसीसी कैडेट्स ने 21 पौधे व 11 परिंडे लगाए। कैडेट्स ने पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कैडेट्स ने नीम, तुलसी, केली, इमली, गुड़हल व कनेर के पोधे लगाए।

## मेड़ता रोड थाने में 5 जनों के खिलाफ मारपीट व विश्वासघात करने का मामला दर्ज

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड थाने में एक व्यक्ति ने उसके साथ हुई मारपीट और विश्वासघात सहित अनेक धाराएं लगाते हुए पांच जनों के विरुद्ध जरिए इस्तगासा मामला दर्ज कराया है। मेड़ता रोड निवासी मुन्नालाल 50 पुत्र भंवरलाल जाति बलाई निवासी सुभाष नगर मेड़ता रोड ने मेड़ता रोड के ही लोकेंद्र उर्फ सोनू 30 पुत्र उम्मेदा राम, प्रीतम 28 पुत्र उम्मेद आराम निर्मला 27 पत्नी लोकेंद्र उर्फ सोनू उषा देवी 25 पुत्री उमेद आराम तथा मोना 24 पुत्री उमेद आराम सभी जाति मेघवाल के विरुद्ध आईपीसी की धारा 147 148 149 323 341 406 420 427 379 380 392 395 504 120 आईपीसी की धारा लगाते हुए जरिए इस्तगासा के यह रिपोर्ट दी कि परिवादी सेल्समैन का कार्य कर 6 अप्रैल को मेड़ता रोड आया और किसान धर्म कांटे के पास में उत्तरा तो वहां पर राम रतन पुत्र



रामाकिशन जाति जाट निवासी लटिया लोक आवास मेड़ता रोड आया और उसे दिनेश पुत्र सीताराम इनानिया से मिलवाने का कहते हुए मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया। तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे हुए लोकेंद्र उर्फ सोनू प्रीतम निर्मला उषा और मोना सभी ने एक राय होकर गाड़ी को रुकवाया और मेरे साथ लाठियों व सरियों से मारपीट करने लगे और मेरी जेब में रखे 800 रुपए भी जबरन लूट लिए। मैंने कहा मेरी तुमसे कोई दुश्मनी नहीं है तो तुम मुझे क्यों मार रहे हो तो उन्होंने कहा कि हमें दिनेश पुत्र सीताराम इनानिया ने तुझे जान से मारने के लिए रुपए दिए हैं और कहा कि तो दिनेश से बार-बार 3 लाख 75 हजार रूपए की मांग मत कर।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कुचामनसिटी की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय बालचर भवन परिसर में परिण्डा अभियान शुरू किया गया। इस अवसर स्थानीय बालचर संघ सचिव रामेश्वर राम भाकर ने परिण्डे में जल भरा और कहा कि ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था जहां एक तरफ पुण्य है वहीं स्वयं के व्यवहार में सौम्यता एवं दया भाव के समावेश में भी सहायक है। इससे हमारी सोच में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदना विकसित होती है। सह सचिव भागीरथ राम महला ने बताया कि गर्मी में लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए कई तरह के जतन करते हैं विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थों का सेवन करते हैं ऐसे में हमें उन बेजुबान और लाचार परिदों की हालत पर भी गौर करना चाहिए जो पानी के लिए दर दर भटकते हैं। कोषाध्यक्ष मोहम्मद शकील ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षी शहर के आसमान में दिनभर चक्कर लगाते रहते है। यदि उन्हें कहीं से अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी का कोई थोड़ा बहुत भी जल स्रोत मिल जाए तो ठीक नहीं तो उन्हें थोड़े से पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार सार्वजनिक जगहों के खुले हुए नल या टूटी हुई पाइपलाइन से निकल रहे बूंद-बूंद पानी से ही किसी तरह से प्यास बुझा लेते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि विशेष रूप से गर्मी के दिनों में छोटे से प्रयास से उनके लिए पीने के पानी के बेहतर इंतजाम कर उनकी मदद कर सकते हैं। इस अवसर पर सह सचिव सुनिता बड़गुर्जर, हुकमाराम गोदारा व स्काउट व गाईड मौजूद रहे।

## तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों पर की चर्चा

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर उपखण्ड परबतसर के अधीन सभी गांवों में ग्राम स्वच्छता एवं पेयजल समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान के तहत 100 दिवसीय कार्ययोजना के सफल संचालन के सम्बध में वीएचएनसी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर समस्त प्रतिभोगियों ने तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में चर्चा की एवं शपथ ली तथा सभी ने अपने परिवारजन को इसका सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने का निर्णय भी लिया। डॉ. डीपी जोशी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी परबतसर ने बताया कि खण्ड के अधीन आने वाले समस्त चिकित्सा अधिकारियों, आशा सुपरवाईजर, एलएचवी, एएनएम डीईओ, आशा सहयोगिनी सभी ने बढ़-चढ़ कर अपनी-अपनी भागीदारी निभाई तथा सुनिता सैनी ब्लॉक आषा सुपरवाईजरने सम्पूर्ण सूचना का संकलन कर जिला स्तर को प्रेशित की।

## पर्यावरण संरक्षण का दायित्वबोध प्रत्येक व्यक्ति को होना जरुरी : थालौड़

### मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने किया पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी कुचामन शहर के स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में महानिदेशालय एनसीसी नई दिल्ली की और से चलाये जा रहे पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित श्री राज गर्ल्स एनसीसी बटालियन की कैडेट्स ने महाविद्यालय सभागार में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ईश्वरराम बुगालिया तथा प्राचार्य डॉ. एस आर कुमावत ने सरस्वती पूजन के साथ विधिवत रूप से किया। कार्यक्रम प्रभारी कांता विश्नोई ने बताया कि महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने इस अवसर पर भाग्यश्री, प्रियंका व चंदा कंवर द्वारा निर्मित पर्यावरण संरक्षण से जुड़े भित्तिचित्रों व पोस्टर, गायत्री एवं सुमन मंडीवाल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत जलवायु परिवर्तन पर नाटक मंचन, खुशबू भाटी की कविता मेरा नाम है प्रकृति तथा अंतिमा सोनी की धरती की पुकार नामक कविताओं ने पृथ्वी को हरा भरा तथा प्रदूषण मुक्त रखने का सन्देश दिया।

**ये रहे मौजूद :** विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़ ने बताया कि हमें पर्यावरण के प्रति सार्वजानिक जागरूकता बढाने के साथ लोगों को इसके संरक्षण के प्रति प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कुमावत ने इस वर्ष की पृथ्वी दिवस थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लेनेट की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरणविदों के लिए बढ़ता प्रदूषण और पृथ्वी का बिगड़ता पर्यावरणीय संतुलन चिंता के विषय बने हुए है अतः पर्यावरण संरक्षण का दायित्वबोध प्रत्येक व्यक्ति को होना जरुरी है।

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र चौबदार, डॉ. प्रतीक सोनी, सुरेश कुमार मिश्रा, जगदीश विश्नोई, कमलेश कुमार जाट, सुखराम चौधरी, नितेश कुमार शर्मा, सुश्री दिव्या सिंह, मनीष मेघवंशी, जिज्ञाशा जैन, दानाराम भींचर, छोटूराम, मोनिका शर्मा, निकिता शर्मा तथा शंकरलाल आदि ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक तथा इससे निर्मित प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग नहीं करने का आह्वान विधार्थियों से किया।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com